# वैवाहिक सीजन शुरू होते ही अवैध मैरिज गार्डनों में गूंजने लगी शहनाईयां, मुहूर्त के बाद चलेगा प्रशासन का चाबुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

14 अप्रैल से एक बार फिर वैवाहिक सीजन के शुरू होते ही अवैध मैरिज गार्डन संचालको की चांदी कट रही है। बैंड, बाजा, बारात और मोटी कमाई के लिये बारातघर संचालको ने न सिर्फ जिला एवं निगम प्रशासन बल्कि उच्च न्यायालय के निर्देशों को भी ताक पर रख दिया है। हैरानी की बात यह है कि ऑफ सीजन में बेजा बारातघरों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही करने वाला जिला प्रशासन अभी तो खामोश है वहीं नगर निगम प्रशासन कुंभकर्णीय निद्रा में सोता नजर आऐगा। 14 अप्रैल से प्रारंभ हुए वैवाहिक कार्यक्रमों में सभी अवैध मैरिज गार्डन संचालकों ने बुकिंग फुल कर ली है। शहर भर में दर्जनों अवैध मैरिज गार्डन संचालक एक बार फिर शासन प्रशासन को तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मनमाने ढंग से संचालन किया जाने लगा है।

गौरतलब है कि जैसे ही शादियों का सीजन करीब तीन माह बाद थम जाएगा उसके बाद इन अवैध मैरिज गार्डन संचालकों पर प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ नोटिस जारी करने का अंधाधुंध ताबड़तोड़ कार्रवाही की खानापूर्ती करने में दिन रात एक कर देते हैं।

इसके पूर्व में भी वैवाहिक सीजन समाप्त हाने पर प्रशासन द्वारा शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित अवैध बारातघरों में घूम घूम कर नोटिस जारी करने की लगातार कार्यवाही कर अखबारों में सुर्खियां बटोरता नजर आता रहा है। प्रशासन द्वारा उस समय पहले से ही बंद पड़े बारातघरों में प्रवेश द्वार पर नोटिस चस्सा ही नही किया गया बल्कि संचालको को दोबारा संचालन न करने संबधी पत्र भी लिखा गया। हालांकि यह पूरी कवायद उस समय कोरी कवायद और हास्याद लग रही थी। बावजूद इसके



निगम अमला पूरे तामझाम के साथ करीब एक सप्ताह का समय व्यर्थ में गंवाया। अब वे ही नोटिस वाले अवैध बारातघर एक बार फिर प्रशासन के सामने लगातार तीन माह तक अवैध बारात घरों में धड़ल्ले के साथ जमकर कमाई करना चालू कर दिए हैं। जब तक वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम मची रहेगी तक तक प्रशासन आंखों में पट्टी बांध कर इन अवैध मैरिज गार्डनों पर कोई भी कार्यवाही करने से बचता नजर आएगा।

### कोर्ट के निर्देशों का नही संज्ञान

गौरतलब है कि उच्च न्यायालय जबलपुर में नगर के एक समाजसेवी व आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से दायर की गई जनहित याचिका के जरिये नगर व आसपास संचालित लगभग तीन दर्जन से अधिक अवैध बारातघरों की न सिर्फ पूरी जानकारी देते हुये शासन को राजस्व क्षति, नियमों की अवहेलना और बारातघरों के पास पड़ोसियों को होने वाली असुविधा का हवाला दिया गया था। याचिका का निराकरण करते हुये न्यायालय की ओर से अवैध बारातघरों के संचालन पर अकुंश लगाने के निर्देश दिये गये थे। कोर्ट के निर्देश ऐसे समय पर आये जब शादियों का मुहुर्त था ही नहीं और मैरिज गार्डन स्वमेव बंद पड़े थे। ऐसे में कोर्ट के निर्देशो का हवाला देते हुये जिला प्रशासन के निर्देशन पर निगम व राजस्व अधिकारियों की पूरी फौज सड़क पर उमड़ पड़ी थी। कार्यवाही के नाम पर पहले से ही चिन्हित बेजा बारातघरों को न सिर्फ नोटिस थमाया गया था बल्कि प्रवेश द्वारा नोटिस भी चस्पा किया गया था। जिसके बाद कार्रवाही के नाम पर जमकर अवैध बारात घरों से अवैध वसूली के किस्से सुनना आम बात हो गई थी।

करीब दो दशक से बिना अनुमती संचालित हो रहे अवैध मैरिज गार्डनों के संचालकों द्वारा राजस्व को लगातार भारी क्षति पहुंचाते आए हैं, इन अवैध बारात घरों पर प्रशासन कार्यवाही का साहस ही नही जुटा पा रहा है। अवैध मौरिज गार्डनों के सामने प्रशासन पूरी तरह नतमस्तक हो गया है ऐसे में प्रशासन भी इसके लिए कम दोषी नहीं माना जा सकता।

## खबर संक्षेप

### ग्राम कुंआ में खुला जन औषधी केन्द्र



**कटनी।** जिले के बहोरीबंद तहसील में स्थित कुआं बहुद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति पैक्स में जन औषधि केन्द्र खुल गया है। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के तहत यहां पैक्स कुआं में जन औषधि केन्द्र खुलने से ग्रामीणों को बाजार दर से सस्ती, गुणवत्ता पूर्ण दवाईयां बड़ी सहजता से मिल सकेंगी'। यहां समिति को दवाइयां बेंचने के लिए ड्रग लाइसेंस भी प्रदान किया गया है। कुंआ निवासी अखिलेश कुमार कहते हैं कि सस्ती दवाइयों का यह जन औषधि केन्द्र कुंआ और आस - पास के 40-50 गांवों के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

### 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला कल से

**कटनी।** राष्ट्रीय साहित्य एवं पुस्तक मेला समिति के तत्वाधान में 16 अप्रेल से 20 अप्रेल तक 5 दिवसीय साहित्य एवं पुस्तक मेला का आयोजन स्थानीय साधुराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न होने जा रहा हैं। मोबाइल के आधुनिक युग में पुस्तकें अप्रसांगिक होती जा रही हैं जबकि पुस्तकों का हमारे जीवन में व्यक्तित्व विकास के साथ ही ज्ञान, विज्ञानं, मनोरंजन और अनूभूति के रूप में व्यापक प्रभाव पड़ता हैं, इसी भावना के साथ हमारी वर्तमान एवं भविष्य की पीढ़ी को इस अदभुत संसार से जोड़ने के क्रम में यह आयोजन अपनी भूमिका का निर्वहन करने जा रहा हैं।

### गुरूद्वारे में मनाया गया वैसाखी पर्व, प्रसाद वितरित

**कटनी।** खालसा पंथ के सृजन दिवस बैसाखी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बरही रोड स्थित शहर के प्रमुख गुरुद्वारे में आकर्षक सजावट की गई। यहाँ सुबह 9 बजे से 12 कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। जबलपुर से आए रागी जत्थे भाई नरेंद्र सिंह जत्था द्वारा कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद लंगर का आयोजन हुआ। भोग, कीर्तन, आनंद साहब का पाठ, अरदास और गुरु के लंगर के साथ बैसाखी पर्व मनाया गया। गुरुद्वारे में गिद्दा और भांगड़ा हुये पर्व फसल की कटाई और नई फसल की खुशी में मनाई जाती है।

### एमआरपी से अधिक दामों पर बिक रही शराब, ठेकेदार की मनमानी चरम पर

# यहां कानून का नहीं शराब ठेकेदार का चल रहा राज, जिम्मेदार हुए नतमस्तक

जिले में शराब ठेकेदार की मनमानी चल रही है। राज्य की डॉ मोहन यादव की सरकार को शराब ठेकेदार खुली चुनौती दे रहा है, इससे ऐसा लगता है कि यहां कानून का नहीं ठेकेदार का राज चल रहा है। ठेकेदार द्वारा तमाम नियमों को दरकिनार करते हुए एमआरपी से अधिक दामों पर शराब का विक्रय किया जा रहा है, जिससे आए दिन शराब दुकानों पर दामों को लेकर तकरार देखी जा सकती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब का नया ठेका शुरू होते ही शराब ठेकेदार द्वारा कानून को ठेंगा दिखाते हुए अपनी मनमानी के अनुसार दुकानों का संचालन किया जा रहा है। शराब दुकानों में शराब ठेकेदार द्वारा महंगे दामों पर शराब बेची जा रही है। नियम के अनुसार हर वस्तु पर अधिकतम मूल्य एवं खुदरा न्यूनतम मूल्य लिखा रहता है, लेकिन शराब ठेकेदार द्वारा एमआरपी से अधिक दामों पर शराब का विक्रय कर प्रतिदिन मोटी कमाई की जा रही है। अधिक दाम वसूले जाने पर शराब दुकानों में आए दिन विवादों के हालात बने रहते हैं जिससे कभी भी यहां कोई बड़ी घटना हो सकती है।

### चस्पा नहीं है रेट लिस्ट

शराब का नया ठेका बदलते ही आबकारी विभाग में भी नई पदस्थापना हुई है। शराब ठेकेदार की मनमानी को देखकर ऐसा लगाता है जैसे आबकारी विभाग का खुला संरक्षण ठेकेदार को प्राप्त है। ठेकेदार द्वारा जहां अधिक दामों पर शराब बेची जा रही है वहीं दुकानों पर न तो शराब की रेट लिस्ट चस्पा की गई है और न ही खरीददार को बिल दिया जा रहा है। इसके अलावा दुकान खोले जाने व बंद किए जाने का समय भी अंकित नहीं किया गया है। इसके साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी भारी मात्रा में शराब पहुंचाकर विक्रय की जा रही है। अवैध शराब पर नियंत्रण रखने पुलिस प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है लेकिन आबकारी विभाग द्वारा शराब कार्रवाही शून्य नजर आ रही है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि शराब ठेकेदार को आबकारी विभाग खुला संरक्षण दे रहा है। आसपास के ग्रामीण इलाकों में शराब का खुलेआम विक्रय किया जा रहा है। शराब दुकानों के अलावा जिस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध विक्रय किया जा रहा है उससे किशोरावस्था में ही बच्चे नशे के आदी हो रहे हैं। गांव गांव में आसानी से शराब उपलब्ध कराई जा रही है।

# उमरिया से दो मोटर सायकल चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने एक मोटर सायकल के चोरी के मामले में तहकीकात करते हुए 2 चोरो को उमरिया जिले से पकड़ने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए चोर जिले मे माधवनगर के कैम्प में मजदूरी का काम करने आये थे और कुछ दिन काम करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद रफू चक्कर हो गए थे। घटनाक्रम की जानकारी देते हुए माधव नगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 11 अप्रैल की रात 10 बजे दोनों आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देते हुए शनि चौक माधवनगर से एक हीरो कंपनी की पेशन प्रो मोटर सायकल चुरा ले गये थे। पकड़े गए चोरों के पास से एक पेशन प्रो मोटर सायकल कीमती 50 हजार रूपये की बरामद की गई है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि सौरभ दास पिता शंभु दास उम्र 30 साल निवासी संजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की रात्रि अपनी मोटर सायकल पेशन प्रो MP 21 ML 6703 घर के चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आसपास एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये। संदेही भूपेन्द्र सिंह पिता ध्यान सिंह उम्र-27 वर्ष निवासी ग्राम करौंदी थाना कोतवाली जिला उमरिया व निरंजन सिंह पिता सुखनंदन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम करौंदी थाना कोतवाली जिला उमरिया को उमरिया से पकड़कर पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी की घटना को स्वीकार किया।

# आईपीएल सट्टेबाजों पर पुलिस का शिकंजा, दो आरोपी हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर पुलिस ने आईपीएल सट्टे पर शिकंजा कसते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। माधव नगर में लंबे समय से क्रिकेट सट्टे का कारोबार चलता आया है, हांलांकि अभी भी सट्टा कारोबार के बादशाह पुलिस पकड़ से कोसों दूर हैं।

माधवनगर पुलिस द्वारा आईपीएल सट्टेबाजी का खुलासा किया है, आईपीएल सट्टेबाजी पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत माधवनगर पुलिस ने अलग-अलग कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियो को आईपीएल सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 02 टच मोबाईल, दो की पेड मोबाइल, एक केलकुलेटर, एक रजिस्टर, डाट पेन तथा 1100 रुपये कुल कीमती 35000 रूपये की बरामदगी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में थाना



प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस को प्राप्त हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से आईपीएल पर सट्टा का खेल खिला रहे है और आईपीएल मैच की सरगर्मी के बीच माधवनगर पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए उत्कृष्ट स्कूल के सामने वाले मैदान के अंदर माधवनगर से आरोपी हितेश जगवानी पिता स्व. मनोहर लाल जगवानी उम्र 37 साल निवासी एल.आई.जी. 32 हाउसिंग बोर्ड कालोनी थाना माधवनगर को मोबाईल पर आनलाईन आईपीएल सट्टा खिलाते पाये जाने पर मोबाईल कीमती 23000 रूपये सहित गिरफ्तार करनें सफलता प्राप्त की है। जिस पर माधवनगर पुलिस ने धारा-4क सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। दूसरी गिरफ्तारी- आरोपी आशीष उर्फ पांडू पिता स्व. रामचन्द्र सोनी उम्र 39 साल निवासी बंगला लाइन थाना माधवनगर को भी मोबाईल पर आईपीएल सट्टा का खेल खिलाते पकड़ा गया जिसके पास से एनरायड मोबाइल तथा 2 की पेड मोबाइल आई टेल कम्पनी, एक केलकुलेटर, एक रजिस्टर, डाट पेन कीमती करीबन 10200 रूपये तथा नगदी 1100 रुपये सहित पकड़ा गया है। जिसके व्दारा आरोपी पिंका उर्फ रवि आडवानी के लिए क्रिकेट सट्टा का काम करना बताया है। जिस पर माधवनगर पुलिस ने धारा 4क सट्टा एक्ट, 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की है। थाना माधवनगर पुलिस की इस कार्यवाही में वरिष्ट अधिकारीगण के निर्देशन मार्गदर्शन में निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में उनि दीपू सिंह कुशवाह, सउनि बैजन्ती सिंह, प्रधान आरक्षक अजीत सिंह, राजेन्द्र उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




### कम खर्च में बिना नुकसान खत्म करता है नरवाई

# बायो डिकम्पोजर से फसल अवशेष नरवाई का करें निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खेत में खड़े डंठल,फसल अवशेष नरवाई को बिना जलाये ही बायो-डिकम्पोजर की मदद से अत्यंत कम लागत में नरवाई प्रबंधन किया जा सकता है। डीकंपोजर एक लाभकारी सूक्ष्म जीवों का समूह है, जो कि फसल अवशेष, पशुओं का बिछावन, गोबर तथा अन्य कचरों को जैविक खाद के रूप में तेजी से बदलकर कृषि हेतु उपयोगी बना देता है। बाजार में यह इफको बायो डीकंपोजर प्रोडक्ट के नाम के अलावा जबलपुर के जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के जैव उर्वरक केंद्र द्वारा तैयार जवाहर जैव उर्वरक का उपयोग कर अत्यंत कम लागत में नरवाई का निपटान किया जा सकता है।बिजौरी मझगवा स्थित मानव जीवन विकास समिति ने हाल ही में नरवाई प्रबंधन की किसानों की कार्यशाला आयोजित कर जिले के करीब सौ किसानों को इफको बायो डीकंपोजर का निःशुल्क वितरण किया।बायो-डिकम्पोजर सभी प्रकार के कृषि के कचरे तथा फसल अवशेष प्रबंधन की एक सस्ती एवं कारगर तकनीक है। 20 मिली लीटर की पैकिंग में उपलब्ध बायोडीकंपोजर इफको का यह प्रोडक्ट मात्र 25 रुपए में उपलब्ध हो जाता है।

फसल अवशेषों का कम्पोस्ट बनाने में उपयोगी है। यह पशुओं का बिछावन, गोबर तथा अन्य कचरों का जैविक खाद बनाने में कारगर है। साथ ही डी कंपोजर बीज उपचार करके बीज से होने वाली विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में उपयोगी है। छिड़काव के द्वारा विभिन्न कीट तथा बीमारियों की रोकथाम में उपयोगी।टपक सिंचाई पद्धति (ड्रिप सिंचाई) के द्वारा प्रयोग करने से मिट्टी की उर्वराशक्ति में वृद्धि।इफको बायो-डिकम्पोजर का उपयोग कर उत्पादन लागत कम करके शुद्ध आय को बढ़ाया जा सकता है। इफको बायो-डिकम्पोजर का उपयोग के लिये सर्वप्रथम बायो-डिकम्पोजर का घोल तैयार किया जाता है। एक प्लास्टिक के ड्रम में 200 लीटर पानी लें तथा इसमें 2 किलोग्राम गुड़ को घोलें। बायो-डिकम्पोजर की एक शीशी दको (शीशी में उपस्थित सामग्री को बिना हाथ से छुये) ड्रम में घोलें। एक लकड़ी के डंडे की सहायता से ड्रम के पानी में बायो-डिकम्पोजर को अच्छी तरह से मिला दें तथा ड्रम को एक कागज अथवा कपड़े से ढक दें।घोल को प्रतिदिन दो बार लकड़ी के डंडे से अच्छी तरह से हिलायें। 5 से 7 दिन में ड्रम के घोल की ऊपरी सतह पर झागदार परत बन जायेगी तथा घोल का रंग मटमैला हो जायेगा। अब यह घोल उपयोग के लिये तैयार है।

एक दूसरे प्लास्टिक ड्रम में तैयार किये घोल से 20 लीटर घोल तथा 2 किलोग्राम गुड़ को 200 लीटर पानी में मिला दें तथा ऊपर दी गई प्रक्रिया को 7 दिन तक दोहरायें। 7 दिन में पुनः बायो-डिकम्पोजर का घोल तैयार हो जायेगा। इस बायो-डिकम्पोजर का घोल का उपयोग फसल अवशेषों को कम्पोस्ट बनाने, जैविक खाद बनाने, बीज उपचार करने, पर्णीय छिड़काव करने तथा ड्रिप के द्वारा करें।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती पर किया संविधान निर्माता को नमन



**कटनी।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्पूर्ण जीवन सदैव हर व्यक्ति के लिए प्रासंगिक था और अनंत काल तक रहेगा। समाज मे व्याप्त कुरूतियों को दूर करने के लिए बाबा साहेब ने सदैव समाज को नई राह दिखाई। उनका संविधान देश के लिए परम वैभव के समान है। यह विचार जिला भाजपा कार्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें नमन करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने व्यक्त किये। इस अवसर पर सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने बाबा साहब के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी ने बाबा साहब के द्वारा निर्मित एवं देश के गणराज्य के द्वारा अंगीकृत संविधान के अनुसार चलने की सभी को शपथ दिलाई। संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने किया।

### आज लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम गैर-संकमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन अतंर्गत मंगलवार 15अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 5बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा । शिविर में गैर-संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे- आमवात ,संधिवात, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों का निशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। साथ ही मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की जावेगी।

### सिनगौड़ी में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



**विजयराघवगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिनगौड़ी के ग्राम पंचायत डोकरिया में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सबसे पहले पहले बाबा साहेब के तैल चित्र में तिलक वंदन कर पुष्प माल्यार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद अतिथियों के स्वागत की परपंरा का निर्वहन किया गया। अगले क्रम में बालिकाओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को मनमोहक बनाया गया। मंडल के प्रबुद्ध जन के द्वारा संविधान के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डाला गया। इस आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिला के महामंत्री सतीश तिवारी, मंडल सिनगौड़ी के प्रभारी नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, विजयराघवगढ़ के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष देव मिश्रा, जनपद पंचायत बड़वारा अध्यक्ष श्रीमति सुधा जयसवाल, सिनगौड़ी मंडल अध्यक्ष प्रमोद सोनी, बरही मंडल के अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति ज्योति उपाध्याय, अंबिका प्रसाद श्रीवास्तव, काशी चौधरी, डोकरिया ग्राम के सरपंच दशरथ प्रसाद कोल, कुआं सरपंच सोनी जी, लवलेश सिंह बरगाही, पंकज दादा सहित हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति थी।

### सामग्री जप्त कराकर कमिश्नर को एफआईआर कराने दिए दिशा निर्देश

# नाला बंद कर अवैध कालोनी काटने पर महापौर ने की सख्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर स्थित एमईएस कालोनी के पीछे से गुजरने वाले बस्ती में मुख्य दो नालों को पाटकर अवैध कालोनी का निर्माण करने तथा नाला डायवर्ट करने के दौरान बस्ती में पानी भराव होने की प्राप्त शिकायत के निराकरण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी निगम के अधिकारियों के साथ मौका स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू सहित क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्याम पंजवानी, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद राजू माखीजा एवं स्थानीय बस्ती के रहवासियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय रहवासियों द्वारा महापौर श्रीमती सूरी को बताया कि विगत एक सप्ताह से स्थल पर अवैध कालोनी काटकर दो पुराने नाले को पाटकर किसी व्यक्ति द्वारा सेवन इलेवन एवं समदडिया कालोनी की ओर से आकर बस्ती से गुजरने वाले नाले को पाटकर नाला डायवर्ट करने के कारण बरसात के दौरान पूरी बस्ती में पानी भराव की समस्या उत्पन्न होने की जानकारी दी। जिस पर महापौर ने निगम के अधिकारियों के साथ नाले की पूर्व के स्थल एवं पाटने के उपरांत कराए गए नवीन निर्माण कार्य सहित कराए जा रहे अन्य निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जानकारी चाहे जाने पर क्षेत्रीय उपयंत्रियों द्वारा बिना अनुमति अवैध निर्माण कार्य चलने की जानकारी दिए जाने पर क्षेत्र में पानी भराव की समस्या को देखते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए।

पुराने नाले को खोलने और अवैध कालोनी बनाने पर FIR दर्ज कराने हेतु दूरभाष पर कमिश्नर को निर्देशित किया। जिस पर मौके पर मौजूद अतिक्रमण अमले द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री जब्त की जाकर मौके पर काम रुकवाया गया।

हापौर श्रीमती सूरी को स्थल पर उक्त अवैध निर्माण कार्य होने से बरसात के दौरान बस्ती में पानी भराव की समस्या उत्पन्न होने की स्थानीय पार्षदों एवं नागरिकों द्वारा जानकारी दिए जाने पर नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय उपयंत्री को शिकायत की जांच कर नाले का बहाव पूर्वानुसार करने तथा दोषियों को नोटिस देते हुए एफआईआर की कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती सूरी ने भ्रमण के दौरान समदडिया कालोनी के पीछे बस्ती पहुंचकर वर्तमान में बस्ती की जलनिकासी की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद कर जल निकासी एवं पानी भराव की समस्या की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को वर्षा पूर्व समदडिया कालोनी से दुगाडी नाला तक की सफाई का कार्य कराने तथा आवश्यकतानुसार पक्के नाले के निर्माण हेतु सर्वे के निर्देश दिए। वहीं समदडिया कालोनी में नाले के बाह्य विकास कार्य के संबंध में मांग किया जाने पर महापौर ने कालोनी के ठेकेदार द्वारा कॉलोनीवासियों को उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की जांच कर संबंधित ठेकेदार के माध्यम से नालियों के बाह्य विकास का कार्य करने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का नव वर्ष मिलन समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़

बरही तहसील के ब्लॉक शाखा सिंनगोडी के तत्वधान में पेंशनर्स संगठन का नव वर्ष मिलन कार्यक्रम सोनी धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रांतीय महिला सयोजिका श्रीमती माया रानी चौहान रही कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला अध्यक्ष डॉ के एल सोनी सहित विशिष्ट अतिथियों नगर पंचायत बरही अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर सुब्बाराव, बीएमओ डॉक्टर राम मणि पटेल, संभागीय उपाध्यक्ष इंजीनियर आरके सोनी, वाई के श्रीवास्तव, एपी श्रीवास्तव महेंद्र राय, बाला प्रसाद बरकड़े तथा सुरेश सोनी द्वारा बीणा पाणी मां सरस्वती जी के चित्र मे तिलक लगाकर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया साथ ही अतिथियों का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया उपस्थित पेंशनरों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी गई। आरके गुरुदवान, एपी श्रीवास्तव, भागीरथ बेहरे , वर्मा, वाई के श्रीवास्तव, डॉक्टर सुबाराव, तथा नगर परिषद अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल ने तथा संभागीय उपाध्यक्ष आरके सोनी द्वारा संबोधित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मयारानी चौहान ने अपने उद्बोधन में पेंशनरों की हर स्तर की लड़ाई का संकल्प लिया। डॉक्टर के एल सोनी ने सभी पेंशनरों को एकजुट रहते हुए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स के हितों के लिए हर संभव प्रयास किए जाएगें। पेंशनर्स के स्वास्थ्य व अन्य आवश्यक सुविधाओं को पूरा करने संगठन प्रयासरत रहेगा।

*प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाई तो जा सकते हैं जेल*

## नरवाई जलाने पर बरही व बड़वारा में एक-एक एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कटनी (14 अप्रैल)- फसल अवशेष नरवाई जलाने के मामले में जिला प्रशासन के कड़े रूख की वजह से जिले में अब तक 17 व्यक्तियों के विरुद्ध अलग -अलग पुलिस थाना में 14 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। सोमवार को बरही और बडवारा पुलिस थाना में एक-एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद नरवाई जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। नरवाई जलाने से जहां खेत की उर्वरक क्षमता नष्ट हो रही है वहीं वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को पुलिस थाना बरही में पिपरिया कला के पटवारी संदीप बरकडे ने प्रतिवेदन और पंचनामा देकर ग्राम बहिरघटा निवासी लेहरी पिता बल्ला द्वारा खसरा नंबर 32 रकवा 0.43 हेक्टेयर भूमि की नरवाई में आग लगाई गई । गौरतलब है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन का जिक्र करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया गया। इस आधार पर पुलिस थाना बरही में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत एफ आई आर दर्ज की गई।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में पुलिस थाना बडवारा में ग्राम मझगवा के ग्राम कोटवार लल्लन दाहिया द्वारा एफ आई आर दर्ज कराई गई। जिसमें मझगवा निवासी राम महेश पिता जोखू लाल मौर्य ने पटवारी हल्का नंबर एक खसरा नंबर 195/1 रकवा 0.79 हेक्टेयर में गेहूं के फसल अवशेष नरवाई को जलाना पाया गया। साथ ही प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन होना भी पाये जाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।

गेंहू कटाई के बाद खेत में नरवाई जलाने वाले किसान अब सावधान हो जाएं, प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी अगर नरवाई जलाई जा रही है तो ऐसे में सीधे मामला दर्ज होने के साथ जेल भी जा सकते हैं।

### बाजार में रसीले फल तरबूज की बढ़ी मांग



रोजाना बढ़ रहे तापमान को देखते हुए बाजारों में रसीले फलों की विक्री काफी बढ़ गई है। बाजारों में तरबूज, खरबूजा, आम, संतारा जैसे फलों को ले कर लोग गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। गर्मियों में रस दार फल लोगों की सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। फुटकर बाजार में तरबूज 20 रूपए प्रति किलो बिक रहा है जिससे तरबूज की विक्री में काफी इजाफा देखने को मिल रहा है। फल विक्रेता भी अधिक से अधिक तरबूज रखने लगे हैं तरबूज की अच्छी आवक के चलतें लोगों को काफी मुनासिब दामों में तरबूज मिल रहा है।

## बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान, रतजगा करने ग्रामीण मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढ़ीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा और उमरियापान क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से लोग परेशान है। दिन के अलावा रात को भी अघोषित बिजली की कटौती की जा रही है। कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उमरियापान सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली की ज्यादा समस्या हो रही है। कोई दिन या रात ऐसा नहीं बीत रहा जिस दिन ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। बिजली कब आएगी और कब जाएगी, यह बताने वाला भी कोई नहीं है। सुबह- दोपहर और शाम के अलावा रात को भी बिजली की आवाजाही लगी रहती है। बिजली कटौती से प्रतिष्ठानों,लघु व्यवसाय, वेल्डिंग दुकानदार व सरकारी कार्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

सबसे ज्यादा दिक्कत धनवाही फीडर में हैं। यहाँ दिन के अलावा रात के समय में भी बिजली बंद रहती है। गर्मी के इन दिनों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों को परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों में बिना रोस्टर के बिजली आपूर्ति की जा रही है। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से ग्रामीणों को पेयजल समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। रात के समय में बिजली कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। सड़कों और बाजारों में अंधेरा पाकर बदमाशों ने दुकानों की चोरी कर रहे हैं। उमरियापान में आधा दर्जन से अधिक दुकानों में बदमाशों ने ताला तोड़ा और दुकानों में रखी सामाग्री लेकर भाग निकले। बीते दो दिनों से हवा के साथ बूंदाबांदी हो रही है। हल्की हवा चलने और बूंदाबांदी शुरू होते ही बिजली बंद हो जाती है। बिजली गुल होना क्षेत्र में आम समस्या बन चुकी है जिसके लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन बेपरवाही कर्मचारियों द्वारा स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा।

*तय समय में गुणवत्ता के साथ कार्य कराने दिए गए दिश निर्देश*

## कुम्हार मोहल्ला में हो रहे डामरीकरण का महापौर ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा नगरीय निकायों की आंतरिक सड़कों का सुदृढ़ीकरण कर नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के बजट से सड़कों के रख-रखाव के लिए कायाकल्प अभियान शुरू कर नगरीय निकायों को राशि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

कायाकल्प अभियान के तहत नगर निगम सीमांतर्गत सड़कों के रख रखाव हेतु विभिन्न कार्य कराए जा रहे रहे है। जिसके तहत इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक 89 लाख रुपए की लागत से दो हिस्सों में निर्मित होने वाली लगभग 2.3.किलोमीटर सड़क डामरीकरण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शनिवार को विश्राम बाबा वार्ड के कुम्हार मोहल्ला पहुंचकर निरीक्षण किया।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, पार्षद ईश्वर बहरानी सहित स्थानीय नागरिकों की विशेष मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा पैदल चलकर कुम्हार मोहल्ला में कराए जा रहे डामरीकरण कार्य का जायजा लिया तथा निर्माण कार्य के दौरान जल भराव की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने स्थल पर उपस्थित क्षेत्रीय उपयंत्री एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**सुगम होगा आवागमन**

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि कायाकल्प अभियान के तहत मंगल नगर वैकल्पिक मार्ग के निर्माण होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिली थी। वही अब इमलिया रोड से बाबा नारायण शाह गेट तक सड़क निर्माण हो जाने से नागरिकों का आवागमन सुलभ होगा। वर्तमान में यह रोड लगभग 1.7 किलोमीटर की बनकर तैयार भी हो चुकी है।

कायाकल्प योजना के तहत इस वृहद सड़क निर्माण हेतु महापौर श्रीमती सूरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , क्षेत्रीय सांसद वी.डी शर्मा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा भाजपा संगठन को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है, जिनके द्वारा विकास के लक्ष्य को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्रीयजनों ने आभार व्यक्त किया।

### अश्वगंधा की खेती काफी लाभ दायक, किसानों की बढ़ रही आय

## नाबार्ड सहित सरकारी योजना से लाभान्वित हो रहे किसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के ढीमरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम कोठी, दैगवा एवं सिवनी में नाबार्ड एवं मानव जीवन विकास समिति के सहयोग से संचालित नॉनबाड़ी परियोजना के कार्य सहित सरकारी योजनाओं के वास्तविक हितग्राही से मिलने पहुंचे विभागीय अमला। नाबार्ड, कृषि विभाग, एनआरएलएम एवं एमजेव्हीएस सचिव निर्भय सिंह द्वारा विजिट कर समिति के अलग अलग इंटरवेंशन का निरीक्षण करते हुए कार्य को बेहतर तरीके से करने सलाह दी गई। निर्भय सिंह सचिव एमजेव्हीएस द्वारा बताया गया कि ढीमरखेड़ा में 100 किसानों द्वारा 25 एकड़ भूमि में अश्वगंधा की खेती की गई है। 200 परिवार को स्मोकलेस चूल्हा दिया गया है। 50 महिलाओं को किचन गार्डन को बढ़ावा देने सब्जियों के 11 प्रकार के बीज दिए गए हैं। मुर्गी पालन हेतु 25 परिवार 50 चूजे और 10 परिवार को 100 चूज़े, दाने, बर्तन एवं दवाइयां प्रदान की गई है। अब किसान कमजोर नहीं रहेगा आमदनी लगातार वृद्धि होगी।

मनीष मिश्रा डीडीए ने कहा कि अश्वगंधा की खेती बहुत अच्छी है और आने वाले समय में और बड़े स्तर पर किया जा सकता है इससे किसानों को बेहतर लाभ होगा। सरकार की सप्रिंकलर सिंचाई योजना, खेत तालाब योजना, किसानों को निःशुल्क बीज वितरण आदि सभी योजना का लाभ जरूरतमंद किसानो तक पहुंचाए।

डीडीएम नाबार्ड विकास जैन का कहना है कि अश्वगंधा की खेती अच्छी है इसके रूट अच्छे हैं आगे से समय पर बुवाई करे ताकि रूट की क़्वालिटी अच्छी हो एवं उसका सही दाम मिल सके। फसलों में समय का विशेष ध्यान रखे, जैविक खेती, औषधीय खेती, पशुपालन करने किसानो को प्रोत्साहित किया। उमर महबूब ने कहा कि पीजी ग्रुप बनाकर फसलों का विक्रय आसानी से कर सकते है इसमें MPSRLM सहयोग भी प्रदान करेगा। दैगवां ग्राम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि अभी 84000 रूपये की दवाई बेची है और ज्यादा बेचने का प्लान है। चंद्रपाल कुशवाहा बताया कि यह एक इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट है इसमें भूमिहीन एवं भूमि धारक दोनों परिवारों को ध्यान में रखते हुए परियोजना का संचालन किया जा रहा है। किसानों को खेती में अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने मानव जीवन विकास समिति लगातार प्रयास कर रही है।

## पाम संडे पर निकला खजूर जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

यीशु मसीह का यरूशलेम में प्रवेश पर्व पर खजूर जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें हजारो की संख्या में उपस्थित मसीही जनो की उपस्थति रही। रेव्ह एस नलिश सिंत की अगुवाई अलूस एसएस फिलिप 5 जेम्स चर्च (सीएनआई) से मिशन चौक होता हुआ थाना तिराहा पहुंचा जहाँ से वापस चर्च आया।

मसीही जन खजूर की डालियाँ लिए मसीही गीत गाते हुई हुए जुलूस में सम्मिलित हुए । चर्च में पाम संडे पर आधारित संदेश रेन्ट एस नलिश सिंह द्वारा दिया गया। नगर की महापौर प्रीती सूरी एवं पार्षदो द्वारा जुलूस का स्वागत किया एवं ठंडे पेय की व्यवस्था की गई। पूरे कार्यक्रम में राजेश डेविड, जेम्स मात्रेस, मूलविन गोसफ, ट्रेनिम्ल भोगेस, सौख मसीत, जानी जेमन, एलेम्स पाल, प्रशांत डेविड, जिस मॅथ्यूस, अमिशक डेविड, हडसन स्मिथ, शरद मसोत, माई मैच्यूसन पाल डोनाल्ड डोकूब, विनय मसीह, अविनाश रुबीन, चिकू मसीह आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### कुत्ते द्वारा फैलायी गई गंदगी बनी माहौल बिगड़ने की वजह, सीसीटीव्ही फुटेज से हुआ खुलासा

**पन्ना।** जिले के पवई कस्बा में दिनांक 12.04.2025 को श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे जगदीश स्वामी मंदिर पवई से शोभायात्रा शाम करीवन 06.30 बजे प्रारंभ हुई जो झण्डा बाजार होते हुए खटीक मोहल्ला पहुंची वहाँ पर निवासरत लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया तभी वहाँ रोड किनारे मुर्गे के चूजे के अपशिष्ट एवं चमड़ी पड़े हुए थे जो शोभायात्रा मे शामिल लोगों के द्वारा देखने पर शोभायात्रा को कुछ समय के रोक दिया गया मौके पर पुलिस टीम एवं राजस्व टीम के अधिकारियों के द्वारा तत्काल ही नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों को बुलवाकर रोड की साफ सफाई की गई एवं पानी से पूरे रोड को धुलवाकर शोभायात्रा को आगे बढ़वाया गया। जनमानस की भावनाओं को देखते हुए पुलिस के द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने तथा माहौल को बिगाड़ने बाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जाँच शुरू की गई। पुलिस के द्वारा घटना स्थल के पास लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरे देखे गये जिनमे यह तथ्य सामने आया कि रात्रि करीवन 08.30 बजे के आसपास वहाँ एक कुत्ता के द्वारा अपने मुंह से सड़क किनारे कुछ उगला गया है। जब आसपास के लोगों से बारीकी से अन्य तथ्यों की जानकारी ली गई तो यह पता चला कि रात्रि 08.30 बजे के आसपास कोई भी बाहरी व्यक्ति उस मोहल्ले मे नही आया है और ना ही उस फुटेज मे दिखाई दे रहा है इसके बाद भी घटना के अन्य पहलुओं पर भी बारीकी से जाँच की जा रही है कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार का धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का कार्य किया गया है तब उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी । पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की अफवाहों से एवं माहौल को बिगाड़ने बाले लोगों से सतर्क रहकर शांति पूर्ण तरीके से आगामी त्यौहारों को मनाने की अपील की गई है जिससे कि क्षेत्र मे खुशहाल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित रहे।

### ग्राम सभाओं में जल संवर्धन पर संकल्प पारित



**पन्ना।** अजयगढ़ की 38 ग्राम सभाओ में समर्थन ने सीधा पहुच बनाकर ग्राम सभाओ के आयोजन में सहयोग किया जल संरक्षण एवं संवर्धन आज की प्रमुख आवश्यकता है पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। बढ़ते तापमान,सूखे नदी नाले,कुआं,बावली, हैन्डपम्प यही कह रहे है की हम सब मिलकर संपूर्ण तन,मन एवं धन से पानी बचाने एवं संरक्षण का कार्य करे नही तो यह रहीम का दोहा हमें समस्या से रूबरू करा ही रहा है। रहीम का यह दोहा एवं पन्ना के चंदेलकालीन एवं बुन्देलकाली जल धरोहर भी यही संदेश देती है की कभी बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या को दूर करने के लिये कार्य किया गया जो आज हमें बचाना चाहिये एवं कार्ययोजना का हिस्सा बनाकर उसका संरक्षण करना चाहिये। जल गंगा संबर्धन अभियान यही संदेश दे रहा की हम सब इस कार्य में लगे। ग्राम सभाओ,जल चौपाल सभी जगह इस पर चर्चा कर पानी की संरख्नाओ को खोजे एवं संरक्षित करे। ग्राम सभा महत्वपूर्ण मंच कृ ग्राम सभा में आज समर्थन के पंचायत मित्र एवं कार्यकर्ता लगभग 38 गांव में सरकार की मंशाअनुसार खेत तलाव,कुआं रिचार्जपिट, अमृतसरोवर, पौधारोपण एवं वीरान पहाड़ियो को हरभरा करने का संकप्ल पारित कराया जिसमें उपस्थिति ग्राम सभा सदस्यो ने सर्वसम्मति से संकल्प का पास कराकर गांव को जल संतृप्त बनाने एवं साफ हराभरा करने का निर्णय पास किया।

## वन विभाग की अनुमति में अटका निर्माण कार्य

# तेलनमार घाटी की दुर्दशाः सड़क न बनने से सैकड़ों गांव का सफर जोखिम भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





हिंडोरिया बनवार बम्हौरी अंचल के लिए जबलपुर महानगर के लिए कम दूरी की सड़क कनेक्टविटी के लिए दुर्गम तेलन घाटी मार्ग का निर्माण वर्ष 2012-13 में 12 करोड़ की लागत हुआ था जिसमें दुर्गम घाटी की कटिंग में तकनीकी खामियों की बजह से सुगम मार्ग नहीं बन पाया था जिसका खामियाजा क्षेत्रवासी बीते दो दशक से भुगत रहे हैं। तेलनमार्ग घाटी महज दो पहिया वाहनों के लिए मजबूरी में काम चलाउ सड़क मार्ग बनकर रह गया। इस मार्ग की दुर्गम घाटी पर जर्जर मार्ग की बजह से भारी वाहन की आवाजाही से चालक डरते हैं और लंबी दूरी वाला मार्ग जबेरा से होकर जबलपुर जाने के लिए मजबूर है। क्योंकि सीधी खड़ी घुमावदार मोडों वाली खतरनाक घाटी के संभावित खतरों के चलते वाहन निकालने वाले चालकों की रुह कांप जाती है। लेकिन दो दशक से अधिक समय बीतने के बाद घाटी पर सड़क निर्माण का टेंडर हुआ है जिसमें करीब 10 करोड़ की लागत से घाटी मार्ग निर्माण होना है लेकिन दिल्ली से वन विभाग की अनुमति मिलने का इंतजार लंबा होता जा रहा और घाटी मार्ग की स्तिथि को देखा जाए तो दिन प्रति दिन मार्ग की स्थिति बेहद खराब होती जा रही जानलेवा गड्ढे ही गड्ढे हो गए और डामर गायब हो गया बोल्डर पत्थरों की भरमार है। खतरनाक घाटी के उतार चढ़ाव के भंवरजाल में चालक की जरा सी चूक इस घाटी से लगी हुई अनंत गहरी खाई में वाहन गिरने का खौफ वाहन चालकों के दिल में इस कदर समा गया है कि भारी वाहन यात्री बस इस मार्ग से दो दशकों से अधिक समय बीतने के बाद यहां से नहीं गुजरी है। जबकि बहुपयोगी तेलनघाटी मार्ग हिंडोरिया हटा बांदकपुर वनवार बम्हौरी के लिए कम दूरी 12 महीने चलने वाला मार्ग है दमोह जबलपुर हाईवे साहित जनपद मुख्यालय तक पंहुचे का एक मात्र सड़क मार्ग है। 14 किमी की बम्हौरी माला पौंडी लिंक रोड पर पडन्ने वाली करीब एक किमी की तैलन मार घाटी में व्याप्त तकनीकी खामियों के चलते यह मार्ग सुरक्षित वाहनो के आवागमन के लिए खतरा होने के साथ अत्यंत जर्जर हो चुका है। नतीजन घाटी मार्ग से मजबूरी में गुजरने वाले वाहन चालक खतरों से खेल रहे हैं। इस मार्ग का कोई फायदा क्षेत्रवासियों को नही मिला एक किमी का घाटी मार्ग छोड़कर सड़क निर्माण दो बार हो चुका है। बिना तेलनमार्ग घाटी की कटिंग किए बिना दुर्गम घाटी के चलते सडक निर्माण जितना फायदा क्षेत्र वासियों को मिलना चाहिए उतना फायदा नहीं मिला है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के इंजीनियर मुकेश पांडे कहना है माला पौंडी लिंक मार्ग पर करीब ढाई किलोमीटर की तेलन मार्ग घाटी निर्माण का टेंडर करीब 10 करोड़ की लागत से हो चुका है और फरवरी माह में वर्क आर्डर भी मिल गया है। लेकिन घाटी रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व फारेस्ट में आने से भारत सरकार दिल्ली फारेस्ट से अनुमति की प्रक्रिया में अटकी हुई है जिससे घाटी निर्माण कार्य अटका हुआ है। मार्च माह में फॉरेस्ट की अनुमति मिलने की उम्मीद थी। लेकिन नहीं मिली घाटी में सड़क निर्माण कार्य में वन विभाग की एनओसी मिलने की देरी है। जैसे कि भारत सरकार वन विभाग के अनुमति मिलती है। एक माह के अंदर घाटी पर सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## गांव-गांव में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

बनवार। शहर से लेकर गांव गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर जगह- जगह पर कार्यक्रमों को आयोजित करते हुए उन्हें याद किया गया। आंबेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया गया। वहीं इस जयंती को मनाने के पीछे एक वजह और भी है। भीमराव आंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा था, जो जाति और धर्म की परवाह न करते हुए सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है।

बनवार ग्राम में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई अनुयायियों ने भव्य जुलूस निकलते हुए जय भीम-जय भीम जय भारत जय संविधान के जयकारे लगाए । जहां भव्य जुलूस निकला। आकर्षक ढंग से सजी झांकियों के बीच शोभायात्रा निकाली गई रविदास मंदिर अंबेडकर चौक पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर उनके जीवन से परिचित कराया। इस दौरान मंचासिन अतिथियों ने कहा कि भीमराव आंबेडकर ने सम्पूर्ण समाज को एक नई राह दिखाते हुए सभी वर्गों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। बम्होरी मानगढ़ नया हाट बाजार में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती इस अवसर पर सर्वप्रथम डा अंबेडकर की छवि पर में पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बाबा साहेब सफलता प्राप्ति और जीवन संघर्ष की एक ऐसी मिसाल है जिससे सभी को प्रेरणा मिलती है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों समिति ग्राम वासियों के द्वारा जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तरह नोहटा घटेरा पटना रोड सिमरी जालम सहित गांव गांव डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## कांग्रेसियों नें डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मनाई जयंती



**दमोह।** भारत रत्न डा भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पाहार करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायी रहा है उन्होंने तमाम जातिगत भेदभाव सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया है उनका संदेश था कि अपने आत्मसम्मान से समझौता गत करो। मानक पटेल, संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, तिलक सींग, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, शाहिद नूर, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, अरविन्द तिवारी, मदन सुमन डी.पी. पटेल, बबलू भटट, कमला निषाद, संध्या नायक, पी.एम. अहिरवार, उबेद गौरी, मुख्तार जाफरी, प्रशांत हजारी, रियाज खान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब का संविधान तोड़ने मरोडने लगी है वर्तमान में बफ्फ बोर्ड की बात हो अथवा अन्य कानून हो उनके नेता मंत्री हो सभी नियम तोड़ने में लगे है इस अवसर बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करने बालो में गजराज सींग, अलीम ठेकेदार, राहुल जैन, एक.के.चिश्ती, वकील कुरैशी, मानक अहिरवार, हुकुमचंद अहिरवार, अमित पटेल हेमराज पटेल, पार्षद शैलेन्द्र सींग, राजू बगीरा, गोपाल मास्टर सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।

## कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई अंबेडकर जयंती



**दमोह।** हमारे संविधान के जनक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हैं। जिसे दमोह जिले में धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर में डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उनके विचारों और उनके संविधान निर्माण में दिए गए योगदान पर चर्चा की गई। साथ ही, सामाजिक समानता और न्याय के उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए संकल्प लिया गया। जुलूसों का स्वागत मिष्ठान, पानी एवं पुष्प वर्षा से किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था आम आदमी पार्टी के यूथ विंग अध्यक्ष प्रकाश लारिया ने की आम आदमी पार्टी जिला दमोह से ब्रजेश चौबे जिला अध्यक्ष, चंद्रमोहन गुरु, बसंत राय, रामलाल प्रणामी, सत्यम राजपूत, मुकेश रैकवार एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने लहराया जीत का परचम



**दमोह।** सरस्वती शिशु मंदिर बांदकपुर में जिला समूह कीड़ा प्रतियोगिता 12 अप्रैल और 13 अप्रैल में आयोजित की गई जिसका उद्घाटन दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के द्वारा किया गया था जिसमें शिशु वर्ग के भैयों ने कबड्डी प्रतियोगिता में जिले में जीत हासिल की। इसके उपरांत यह टीम 14 अप्रैल 2025 को सागर विभाग स्तर पर खेलने के लिए रहली के लिए रवाना हुई तो इन होनहार खिलाड़ियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर जीत हासिल करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर बांदकपुर का नाम रोशन करते हुए अपने माता-पिता, अपने गुरुओं का नाम रोशन किया।बांदकपुर ज्ञानदायिनी शिक्षा समिति एवं आचार्य परिवार सहित प्राचार्य श्री नन्हे भाई सेन ने इन होनहार खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## प्रयास पर्यावरण संस्था की वार्षिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के प्रमुख पर्यावरणीय संगठन प्रयास पर्यावरण संस्था की वार्षिक बैठक का आयोजन स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के कृषि संकाय भवन में संस्था के मार्गदर्शक डॉक्टर अनिल चौधरी, डॉक्टर आलोक सोनबरकर, पारस कुमार जैन, प्राचार्य रमेश व्यास की उपस्थिति में प्रदीप कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन किया दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात संस्था का वर्ष 2024 - 25 का वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन सचिव प्रमोद कुमार जैन ने किया तथा कोषाध्यक्ष संतोष कुमार जैन ने वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया जिसका सर्व सहमति से सभा में अनुमोदित किया पारस कुमार जैन ने वर्ष 2025 - 26 हेतु संस्था की कार्य योजना प्रस्तुत की। वर्ष 2025 - 26 की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए मोहन राय, आदित्य चौरसिया, महेंद्र जैन, एमएल जैन, आरएस सोनी, आरबी सिंह, सुधीर वैध, बहादुर सिंह ठाकुर, महेंद्र रोहित, और डीपी कटारे ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव देकर कार्य योजना को अंतिम रूप देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ अनिल चौधरी ने संस्था के विकास हेतु 11000 की राशि तथा प्राचार्य रमेश व्यास ने 5000 की नगद राशि प्रदान की संस्था के संगठन डॉक्टर एलसी जैन ने प्रस्ताव रखा कि आगामी माह में संस्था की मार्गदर्शन पारस कुमार जैन एवं वरिष्ठ सदस्य एमके खरे के सेवा निवृत्त होने पर उन्हें एक भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाए। प्रस्ताव को करतल ध्वनि से स्वीकार किया गया।

पारस कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में बैठक के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद दिया। प्रदीप कुमार अग्रवाल ने अध्यक्ष उद्बोधन के साथ आभार प्रकट किया। संपूर्ण कार्यक्रमों का सफल संचालन वरिष्ठ सदस्य महेंद्र खरे ने किया।

## ग्राम हर्रई और परासई में मनाई अंबेडकर जयंती




**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ग्राम हर्रई और परासई में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती कार्यक्रम में शामिल हुये और बाबा साहब के चित्र पर माल्यापर्ण किया। संस्कृति राज्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा हम सभी यहाँ डॉ. अंबेडकर जी की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, डॉ. अंबेडकर जी ने जो काम किया है, वह वास्तव में अद्भुत अविस्मरणीय काम है, जिस संविधान को लेकर पूरा देश काम कर रहा है, वह संविधान का निर्माण हमारे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने किया, जिसके कारण आज हम सब एक साथ बैठे हैं। सब एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं, कहीं ना कहीं यह अलख जगाने का किसी ने काम किया है, तो हमारे डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने किया है।

## बाबा साहेब की मूर्ति पर किया माल्यापर्ण

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने ग्राम जोरतला और बॉसाकला में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती समोराह में शामिल हुये। उन्होंने पथरिया में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। पशुपालन राज्यमंत्री श्री पटैल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूँ, डॉ अंबेडकर जी ने इस देश को एक संविधान दिया, जिसके तहत देश का प्रत्येक नागरिक कानून के दायरे में रहता है, उनके दिए संविधान को समय-समय पर संशोधन करते हुए, जनता के कल्याण के लिए और योजनाएं बना करके जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सबको पुनः शुभकामनाएं दी।

## एकजुट होकर संविधान की रक्षा करनी चाहिए



**बनवार।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के कोऑर्डिनेटर राव लाखन सिंह लोधी ने अंबेडकर जयंती पर ग्राम मौसीपूरा में अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब के विचार और संघर्ष हमें संविधान की रक्षा करने और शोषण-अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती सभी समाजों में एकता का पैगाम लेकर आती है और हमें एकजुट होकर संविधान की रक्षा करनी चाहिए। कार्यक्रम में आए लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य भुजवल सिंह पूर्व सरपंच रतनलाल अहिरवार सचिव लक्ष्मण सिंह उमराव सिंह रामू अहिरवार- रविदास, श्यामलाल, लेखराम, सुभाष, रामगोपाल, राजकुमार अहिरवार की उपस्तिथि रही।

## मझगाँय गांव की वीरान पहाड़ी और गहराता जल संकट

# मोती सागर तालाब बना नाले के जल प्रबंधन का श्रेष्ठ उदाहरण

पन्ना।

प्रकृति और पर्यावरण के साथ बीते डेढ़ दो दशकों में जिस तरह का व्यवहार हुआ है, उसके दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखने लगे हैं। निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए हमने जंगलों को बेरहमी के साथ उजाडा है, नतीजतन साल दर साल जहां तापमान का पारा बढ़ रहा है, वहीं जल संकट की समस्या भी भयावह हो रही है। हालात ये हैं कि पूरे गांव की प्यास बुझाने वाले कुएं अप्रैल के महीने में ही सूखने लगे हैं। गौरतलब है कि पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसीलिए कहा जाता है कि जहां तालाब नहीं, पानी नहीं, वहां गांव नहीं। तालाब हमारे जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हुआ करते थे। लेकिन मौजूदा दौर में हमने जीवन से जुड़े इस जरूरी हिस्से को अनदेखा करना शुरू कर दिया। परिणाम स्वरुप पहाड़ों की हरियाली गायब हो गई, वीरान हो चुके पहाड़ों पर पानी रुकने के बजाय सीधे बहकर जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि गर्मी के शुरुआती महीनों में ही जल संकट दस्तक देने लगता है। शहर हो या गांव गर्मी के मौसम में जल संकट अब सर्वव्यापी हो चुका है। धरती के भीतर संचित जल का भी बेरहमी के साथ दोहन हो रहा है। जिससे पानी का यह संरक्षित कोष भी खाली होने लगा है। डेढ़ दो दशक पूर्व तक जिन गांवों में भरपूर पानी हुआ करता था, कुआं और तालाब कंचन जल से लबरेज रहते थे, वहां भी अब लोग पीने के पानी को मोहताज हो रहे हैं। यहां हम बात करते हैं पन्ना जिले के अजयगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत मझगाँय की, जहां अप्रैल के पहले हफ्ते में ही कुआं सूखने लगे हैं। अजयगढ़ से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर पहाड़ी की तलहटी पर बसा गांव मझगाँय है, जिसकी आबादी साढे चार हजार है। इस गांव में प्रवेश करने से पहले खूबसूरत मोती सागर तालाब के दर्शन होते हैं। इसी तालाब के पानी से गांव के मवेशियों की जहां प्यास बुझती है, वहीं गांव के 80 फ़ीसदी से भी अधिक लोगों का निस्तार इसी तालाब के पानी से होता है। लेकिन समुचित देखरेख के अभाव में यह तालाब अब जहां जलीय लताओं (कमल) से पूरी तरह आच्छादित हो चुका है, वहीं तालाब में सिल्ट जमा होने से वह उथला हो गया है।गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग शिवनंदन सिंह बताते हैं कि हमारे गांव के बाजू की पहाड़ी पहले हरी भरी और वनाच्छादित थी। तब बारिश का पानी पहाड़ी में रुकता था, जिससे गांव के कुएं गर्मियों में भी पानी से भरे रहते थे। लेकिन पहाड़ी वीरान होने पर अब बारिश का पानी बह जाता है, जिससे धरती के भीतर के स्रोत गर्मियों में सूख जाते हैं। जल स्तर भी लगातार नीचे खिसक रहा है, फल स्वरुप अब पानी की समस्या गंभीर होने लगी है।ग्रामीणों का कहना है कि राजाशाही जमाने में मझगाँय तालाब का निर्माण मोतीलाल सिंह ने कराया था, इसीलिए इसका नाम मोती सागर तालाब पड़ा है। कल्ला सेन बताते हैं कि नाले पर बने इस तालाब में हमेशा पानी रहता है, इसे हमने कभी पूरी तरह सूखते नहीं देखा। अब यह तालाब काफी पुर गया है तथा कमल पूरे तालाब में फैला है।

## भागवत जीव को अभय बना देती हैः कथा व्यास श्री पाठक

**पन्ना।** परिवार के खुशहाल जीवन के उपलक्ष्य पर सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को कस्बे के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में भागवत कथा आयोजित किया गया। कथा वाचक प. राम दुलारे पाठक ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा व्यास श्री पाठक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है,

# सीएमओ को स्याही लगाने वाले दोनों युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हिंदू नव वर्ष पर्व की पूर्व बेला में घंटाघर पर लगाई गई ध्वजाओ पर नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों द्वारा जाने पर नगर पालिका सीएमओ के खिलाफ घंटा घर पर जहां देर तक विरोध प्रदर्शन का दौर चला था वही बाद में दो युवको ने नगर पालिका अधिकारी के निवास के बाहर जाकर उनके ऊपर काली स्याही पोतते हुए उन पर सनातन विरोधी होने के आरोप लगाये थे। मामले में सीएमओ द्वारा की गई शिकायत तथा कलेक्टर द्वारा गठित की गई समिति के द्वारा जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज कर लिया गया है। तदसन्दर्भ में दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक प्रदीप कुमार शर्मा पता सीएमओ नगर पालिका दमोह के द्वारा एक हस्त लिखित आवेदन पत्र थाना पर प्रस्तुत किया था। जिसके मजमून के अवलोकन पर शासकीय कार्य में बाधा डालना, चेहरे पर स्याही लगाकर अनादर करना, एक राय होकर गंदी गंदी गालियां देकर, जान से मारने की धमकी देना एवं बीच बचाव के लिए मेरे आवास पर खडे कर्मचारी जितेन्द्र बंसल के द्वारा रोकने पर गंदी-गंदी गालियां देकर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने पर जातिगत अपमानित करना पाया गया है। उक्त आवेदन पत्र के मजवून से थाना कोतवाली दमोह में धारा 115(2), 132, 133, 296, 351(3), 351(4), 3 (5) बी एन एस 3 (1)द, 3 (1)ध, 3 (2) व्ही.ए एससीएसटी एक्ट का अपराध आरोपी विवेक अग्रवाल एवं छुट्टू यादव के द्वारा प्रथम दृष्टया घटित करना पाया गया है। उसके बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज कर

### थाना कोतवाली में विभिन्न धाराओ में मामला दर्ज

लिया गया है। उल्लेखनीय कि उपरोक्त घटनाक्रम के बाद में सीएमओ प्रदीप शर्मा के द्वारा अनेक गंभीर आरोप लगाते हुए नेता नुमा ठेकेदारों के क्रियाकलापों की पोल खोलने की कोशिश की थी।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय शिविर लगाया गया

**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला दमोह द्वारा व्यक्तित्व विकास शिविर का दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के अनेकों विद्यालय के छात्रों ने आके सहभागिता ली शिविर के दौरान अनेकों सत्र के माध्यम से छात्रों को उनके भविष्य हेतु मार्गदर्शक किया गया जिसमें मुख्यतौर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत के प्रांत सह संगठन मंत्री आदरणीय आशीष शर्मा जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण प्रमुख राम कृष्ण जी भाईसाब जिला समन्वयक सुशील नामदेव नगर अध्यक्ष राहुल चौहान एडवोकेट राजीव बद्री जी जिला संयोजक नमन शांडिल्य एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चैकिंग में ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाए

**दमोह।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत पुलिस विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा हैं, सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुड़े ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाए गए।

### राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कांग्रेस पर किए तीखे प्रहार

# अंबेडकरजी की प्रतिमा का तीन राज्य मंत्रियों और दमोह, सांसद, विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गौरीशंकर वार्ड में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया, कांग्रेस शासित नगरपालिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्य वन मंत्री दिलीप अहिरवार, राज्यमंत्री लखन पटेल, राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह के साथ दमोह सांसद राहुल सिंह व हटा विधायक उमादेवी खटीक के अलावा नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक ने अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में भव्य गरिमामय समारोह के दौरान प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के साथ नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत मंचासीन अतिथियों का पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया गया एवं मंच पर सभी मंत्रियो ,दोनो दलों के वक्ताओं द्वारा बाबा साहब को याद कर सम्बोधित किया। लेकिन जब वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने सम्बोधन शुरू किया तो कार्यक्रम भाजपा बनाम कांग्रेस हो गया। दिलीप अहिरवार ने मंच से कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए एक के बाद एक जुबानी हमले किये। उन्होंने कहा कांग्रेस ने बाबा साहेब को चुनाव हराया उनकी तस्वीर भी संसद भवन में नही लगने दी। कांग्रेस ने बाबा साहेब का तिरस्कार किया। बाबा साहेब को किसी ने सम्मान देने का काम किया है तो वो है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और भाजपा सरकार पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके सम्मान के लिए खड़ा है। वही उन्होंने मीडिया के सवालों के जबाब देते हुए कहा की प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी बाबा साहेब की प्रतिमा के पैर पकड़कर माफी मांगे कांग्रेस ने बाबा साहेब को कभी सम्मान नही दिया। उनकी जन्मस्थली पर आज तक एक ईट नही लगाई भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब का सम्मान करती है और करती रहेगी। जिससे भाजपा के साथ मंच सांझा कर रहे कांग्रेसी सख्ते में पड़ गए और मंच छोड़कर नीचे उतर गए। वही जब मीडिया ने बुंदेलखंड से दलित वर्ग के लोग बड़ी तादाद में हो रहे पलायन के विषय पर वन मंत्री से सवाल किया तो उन्होंने भाजपा सरकार के विकास के दावों के कसीदे पड़ते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी इंवेस्टर समिट में कई लाखों करोड़ो का एमओयू आया है। लगातार एक एक योजना बन रही है। उनके बराबर कार्य करना बड़ी बात है। लाखो लोगो को रोजगार मिलेगा पलायन कोई मुद्दा नहीं है। पहले कांग्रेस सरकार के समय कोई काम नही होते थे अब तो जगह जगह काम चल रहा है बहुत बढ़िया काम चल रहा है। वही राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के बयान के बाद कांग्रेसियों ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और कांग्रेस के दमोह जिला अध्यक्ष रतन चंद्र जैन सहित कांग्रेसियों ने उनके बयान की निंदा करते हुए दिलीप अहिरवार को मूर्ख की संज्ञा दे डाली। उन्होंने कहा कि दल गत राजनीति से ऊपर उठके नगर पालिका ने बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम किया लेकिन भाजपा के वन मंत्री दिलीप अहिरवार ने जो भाषा का उपयोग किया वह निंदनीय हैं। वर्तमान सांसद भवन से अम्बेडकर जी की मूर्ति हटा दी और ये बाबा साहेब के भक्त बन रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय पूर्व विधायक सोना बाई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे भाजपा वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह राजपूत, बहादुर पटेल भोले सराफ, गोपाल पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रतन चंद्र जैन, कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, सहित नगर पालिका के समस्त पार्षद एवं नगर व क्षेत्र की लोगों की उपस्थिति रही।



# वैशाख महीने के प्रथम सोमवार को बांदकपुर में उमड़ी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

वैशाख महीने में शिव पूजा का विशेष महत्व है, और इस दौरान शिवलिंग पर जल चढ़ाने और पानी की मटकी दान देने की परंपरा है। स्कंद पुराण में भी बताया गया है कि वैशाख महीने में जल का दान करने और शिव लिंग पर जल चढ़ाने का विशेष पुण्य मिलता है। बुंदेलखंड की प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री देव जागेश्वर नाथ महादेव धाम बांदकपुर में वैशाख महीने के प्रथम सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। भक्तों ने दिव्य और भव्य शिवलिंग को जल चढ़ाया और दर्शन पूजन कर परिवार की सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

### स्वयंभू शिवलिंग

बांदकपुर धाम में स्वयंभू शिवलिंग विराजमान है, जो 13वें ज्योतिर्लिंग के रूप में बुंदेलखंड ही नहीं संपूर्ण भारत में पूजन की जाती है। इस धाम में भक्तों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है, और वैशाख महीने में शिव पूजा के लिए विशेष महत्व है।

# गांव-गांव में एजेंट बनाकर बेची जा रही अवैध शराब



**हिनोताकलां।** शासन के द्वारा आबकारी के नये ठेके दिये जाने के बाद जनपद पंचायत हटा की ग्राम पंचायत हिनौता कला देसी अंग्रेजी कंपोजिट मदिरा दुकान के तहत एक दुकान ग्राम हिनौता कला में खोली गई है। लेकिन ठेकेदार द्वारा हिनौता कलां ग्राम के आसपास के ग्रामों भैंसा पिपरिया बड़खेरा मुराछ मुहरई खमरगोर दादपुर कचनारी गड़ी देवरा तिदनी तैवरैया आदि में कमीशन एजेंट नियुक्त कर दुकान खोली गई है जिससे आए दिन ग्रामों में चोरी लड़ाई झगड़ा आदि की वारदातें हो रही है। अवैध रूप से शराब बेचने पर पुलिस प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आबकारी विभागके अधिकारियों फोन लगाने पर फोन रिसीव नहीं करते। यदि ऐसे ही चलता रहा तो शासन राजस्व के चक्कर में लोगो का बहुत नुकसान होगा।

## बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया मिष्ठान वितरण

**दमोह।** भारतरत्न महान विचारक, सामाजिक समरसता के शिल्पकार और राष्ट्र को एक बहुआयामी मौलिक संविधान देने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, मध्यप्रदेश शासन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक दमोह पर बाबा साहेब जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। जिले के सभी 24 मंडलों में मण्डल अध्यक्ष, जन प्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए और मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी ने किया एवं आभार अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव ने माना। इस अवसर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, जिला मंत्री संजय यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला मीडिया सह प्रभारी महेन्द्र जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, नगर मण्डल अध्यक्ष रामकांत बाजपेई, राजेन्द्र चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा राज, पवन तिवारी, महेश पटेल, अमर सिंह राजपूत, पार्षद रघु श्रीवास्तव, संगीता सतीश जैन सहित पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।

## हमें जो भी मिला है बाबा साहब से मिला है: बसपा



**दमोह।** बहुजन समाज पार्टी ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती एवं बसपा स्थापना दिवस पर विचार संगोष्ठी समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सागर जोन प्रभारी सीएस बौद्व ने विस्तार से महापुरूषों के संघर्षो के साथ बाबा साहब अंबेडकर जी के जीवन संघर्ष, त्याग व संविधान निर्माण पर विचार रखे एवं बहुजन समाज पार्टी की रीति नीति उद्देश्य पर बात रखते हुए कहा कि बसपा व बसपा की अध्यक्ष बहिन मायावती जी ही देश में संविधान की मूल भावना समता स्वतंत्रता बंधुत्व एवं न्याय स्थापित कर सकती है। मुख्य अतिथि बौद्व जी ने भाजपा की भ्रमित योजनाएं जैसे अंबेडकर कामधेनु योजना, डॉ.अंबेडकर अभ्यारण्य योजना मात्र दिखावा है। कार्यक्रम को जिला प्रभारी आशाराम चौधरी, कोमल अहिरवार, डीआर अहिरवार, केएल लारिया, भूपेन्द्र सोनी, जुगेन्द्र चौधरी, महाराज सिंह, भानु प्रताप सिंह लोधी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रविशंकर अहिरवार, प्रमोद दिनकर, वीरेश सेन, विकास, गया प्रसाद, जानवी, कंछेदी, हरप्रसाद, रविकुमार, निगम, जाहर, भूपेन्द्र बौद्व, गोहल, नरेन्द्र आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभी का आभार व कार्यक्रम समापन अध्यक्षीय वक्तत्य के साथ इंजी.गोवर्धन राज जिलाध्यक्ष बसपा दमोह ने किया।

## भाजपा ने मनाई अंबेडकर जयंती



**पटेरा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पटेरा द्वारा भारत रत्न से सम्मानित, संविधान के निर्माता, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती वार्ड क्रमांक 07 हरिजन धर्मशाला में मनाई गई। कार्यकर्ताओ ने चन्दन, फूल,माला , पहनाकर डॉ साहब की जयंती मनाई। अहिरवाल समाज के लोगों ने बड चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें मंडल के अध्यक्ष बलवंत सींग जी ने संविधान की प्रस्तावना पाठ का वाचन किया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण पटेल, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बद्री पटेल, दया शंकर चौबे , मुन्ना अवधिया, शंकर तंतुवाय ने डॉक्टर साहब के जीवन परिचय एवं संघर्ष पर प्रकाश डाला इस अवसर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति कमलरानी/ दुलीचंद अहिरवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार,भा ज पा मंडल महामंत्री एवं पार्षद - पुष्पेंद्र सोनी, युवा नेता समाज सेवी लकी गुप्ता मिस्त्री,पूर्व पार्षद - उत्तम सींग,,हरप्रसाद चोरसिया, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम सोनी,शिवा चोरसिया , शरीफ खान, दिनेश गुप्ता, मोहन अहिरवाल, समाज के वरिष्ठ जनों , महिला ओ ,कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकाला



**पटेरा।** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर में डीजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें युवाओं का जोश देखने लायक था। नीले ध्वज व नीली गुलाल से सभी का स्वागत किया गया। जुलूस का जगह जगह स्वागत कर जयंती की शुभकामनायें दी। महिला वर्ग ने भी जुलूस ने अपनी सहभागिता निभाई।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजित



**हिनौताकलां।** विकासखंड के ग्राम देवरा जामशा के 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत 18 अप्रैल को सम्पन्न होने वाले भूमिपूजन समारोह हेतु एक बैठक आयोजित हुई जिसमें बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम भव्य एवं व्यवस्थित हो इस पर चर्चा हुई समितियां बनाकर कार्य सौंपे गए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा देव पूजन कर अपने विचार रखें बैठक की अध्यक्षता कर रहे बहादुर पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान के सेतुबंधन कार्य में गिलहरी ने भी अपनी सामर्थ्यानुसार योगदान दिया था। संस्कार परम्परा के पुनरुत्थान में गायत्री परिवार का अतुलनीय योगदान है। यज्ञ एवं संस्कार परम्परा द्वारा राष्ट्र को संस्कारवान नागरिक देने हेतु हमें भी अपनी सामर्थ्यानुसार योगदान करना चाहिये । गायत्री परिवार के दिनेश दुबे ने कहा जैसे किसी दुष्कर्म करने वाले मूढ़मति अपराधी को सहयोग करने वाला अपराध के पाप का भाजक बन जाता है उसी प्रकार सत्कर्म में सहयोग और प्रोत्साहन देने वाला भी पुण्य का भागीदार बन जाता है। गायत्री शक्तिपीठ हटा के ट्रस्टी रतन अग्रवाल ने महायज्ञ का उद्धेश्य मनुष्य में देवत्व विकसित करना और धरती पर स्वर्ग का अवतरण करना बताया। बैठक के दौरान यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल, हरिनारायण चौकरया, नरेन्द्र चौकरया,गिरधर पटेरिया,डॉ गोपाल कुसमरिया ने भी अपने विचार व सुझाव रखे। बैठक में प्रमुख रूप से गायत्री शक्तिपीठ हटा के ट्रस्टी मुरारी अग्रवाल, नर्मदा असाटी, हरिगोविंद पटेल , बिहारी सिंह, बालचंद, ब्रजलाल सहित सैकड़ो ग्रामवासियों साहित माता बहनों की मोजूदगी रही।

### मजदूरों को भरकर बेलगाम दौड़ते वाहनों पर मेहरबानी क्यों- कई बार हो चुके हादसे, अफसर नहीं कर रहे कोई कार्रवाई

# लोडिंग वाहनों में मौत का सफर, हादसों से भी नहीं ले रहे सबक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

लोडिंग वाहनों में मजदूरों का सफर मौत में कब तब्दील हो जाता है, पता ही नहीं चलता हादसा होने के बाद कुछ दिनों तक हो-हल्ला, हंगामा मचता है उसके बाद पूरी की पूरी कहानी आई-गई हो जाती है। पिछले महीने ही थाना क्षेत्र के इमलीडोल सहजपुर मार्ग पर चमक भटरिया की घाट पर हुए सड़क हादसे में बरातियों से पिकअप वाहन पलटने से दो लोगों की मौत हो गई थी जबकि एक दर्जन लोग इस हादसे में घायल हुए थे। कुछ मजदूर आज भी जिंदगी और मौत से दो-दो हाथ किए जा रहे हैं बावजूद इसके लोडिंग वाहनों में मजदूरों को एक स्थान से लाकर दूसरे स्थान पर छोड़ने का क्रम लगातार चल ही रहा है लोडिंग वाहनों में मौत का सफर जारी है। गौरतलब है कि कृषकों और ठेकेदारों द्वारा मजदूरी कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र से श्रमिकों को लाने-ले जाने का कार्य खुले वाहनों से किया जा रहा है। इस काम के लिए ठेकेदार सवारी वाहन का उपयोग नहीं करते हैं, बल्कि लोडिंग वाहन का उपयोग कर रहे हैं, जो मजदूरों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। कम किराए के लालच में श्रमिक भी जान की परवाह किए बिना लोडिंग वाहनों में सवार हो जाते हैं वहीं चालक समय पर पहुँचने के चक्कर में मजदूरों को भरकर मालवाहक को सड़क पर बेलगाम दौड़ाते हैं, जिसके चलते ये अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अभी तक कई भीषण हादसे भी हो चुके हैं और कई लोगों की मौत व हजारों लोग इन हादसों में घायल हुए हैं और अपंग तक हो चुके हैं फिर भी पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।





### नियमः लोडिंग वाहन में सवारी नहीं बैठा सकते

नियम के अनुसार लोडिंग वाहनों में सवारी ले जाना मना है, मगर इसके बाद भी खुलेआम नियम कायदों से खिलवाड़ हो रहा है। खेतों और ग्रामीण इलाकों में चल रहे कार्यों में लगे मजदूर लोडिंग वाहनों से सफर कर रहे हैं। बताया जाता है कि पुलिस और आरटीओ की कार्रवाई से बचने के लिए सवारियों से भरे मालवाहक को चालकों के द्वारा तेज गति से दौड़ाया जाता है। मेंटेनेंस न होने के कारण इन वाहनों में कई तरह की कमियाँ आ जाती हैं और सफर के दौरान जरा सी लापरवाही भी इनके लिए घातक साबित हो जाती है। अभी तक हुए हादसों में मुख्य रूप से ड्राइवर और खस्ताहाल वाहन ही जिम्मेदार बताए गए हैं।

### हादसों से सबक नहीं लेते जिम्मेदार

जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की चुप्पी के कारण ही मालवाहक वाहनों में सवारियों को भेड़-बकरियों की तरह भरकर ढोया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी से लेकर अन्य कार्यों के लिए मजदूरों की आवश्यकता पड़ती है। इन कार्यों के लिए ठेकेदार ट्रैक्टर-ट्रॉली से लेकर खुले ट्रक में भरकर मजदूरों को लाने और ले जाने का काम कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पूर्व के कई हादसों के बाद भी इस जानलेवा सफर की अनदेखी जारी है।

### यमराज बन चुके हैं मालवाहक

मजदूरों और सवारियों से भरे मालवाहक आए-दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जिसके चलते अब तक कई लोग मौत के मुँह में समा चुके हैं, और न जाने कितने लोग अपने हाथ-पैर गँवा चुके हैं। इसके बाद भी लोडिंग वाहनों में सवारियों के ढोने का काम बंद नहीं कराया गया। जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति करने में लगे रहते हैं। वहीं मालवाहक यमराज बनकर लोगों को मौत के घाट उतारने में लगे हैं। इन दुर्घटनाओं में कई लोगों का पूरा परिवार जान से हाथ धो बैठा है।

### नशा कर सड़कों पर दौड़ा रहे वाहन

नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे ओव्हरलोडिंग वाहनों की पुलिस द्वारा भी जांच नहीं की जाती है। चालक नशे की हालत में है या नहीं उसे छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहन चलाने का अनुभव है कि नहीं, योग्यता है कि नहीं, कुछ भी नहीं देखा जा रहा है। आई ब्रीथ एनालाइजर मशीन का भी कहीं पर उपयोग नहीं किया जाता है। शराब गांजा के नशे में वाहन चालक अंधाधुंध भाग रहे हैं, लेकिन जांच व कार्रवाई कहीं पर होती नहीं दिख रही है, सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर चेकिंग अभियान के तहत बाइक सवारों के बिना हेमलेट चेकिंग कर चालान काटे जाते हैं और बड़े वाहनों पर कोई नजर नहीं है। जबकि बड़े-बड़े वाहनों के चालक मार्ग से गुजर रहे राहगीर, बाइक सवार, आटो आदि को रौदकर निकल जाते हैं। गौर करने वाली बात ये हैं कि जिम्मेदार इन्हें रोकने कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। पुलिस और परिवहन विभाग नगर प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है।